Your Personal Exams Guide

NATIONAL ELIGIBILITY CUM ENTRANCE TEST NEET, 2016

QUESTION PAPER PHASE 1

(CODE:B-Q-X)

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

English+Hindi

1. The addition of a catalyst during a chemical reaction alters which of the following quantities ?

(1) Internal energy

(2) Enthalpy

(3) Activation energy

(4) Entropy

2. Predict the correct order among the following :

(1) lone pair - lone pair > bond pair - bond pair > lone pair - bond pair

(2) bond pair - bond pair > lone pair - bond pair > lone pair - lone pair

(3) lone pair - bond pair > bond pair - bond pair > lone pair - lone pair

(4) lone pair - lone pair > lone pair - bond pair > bond pair - bond pair

3. The correct statement regarding the basicity of arylamines is :

(1) Arylamines are generally more basic than alkylamines because the nitrogen lone-pair electrons are not delocalized by interaction with the aromatic ring π electron system.

(2) Arylamines are generally more basic than alkylamines because of aryl group.

(3) Arylamines are generally more basic than alkylamines, because the nitrogen atom in arylamines is sp-hybridized.

(4) Arylamines are generally less basic than alkylamines because the nitrogen lone-pair electrons are delocalized by interaction with the aromatic ring π electron system.

4. When copper is heated with conc. HNO_3 it produces :

(1) $Cu(NO_3)_2$ and NO

(2) $Cu(NO_3)_2$, NO and NO_2

(3) $Cu(NO_3)_2$ and N_2O

(4) $Cu(NO_3)_2$ and NO_2

1. किसी रासायनिक अभिक्रिया में उत्प्रेरक के योग से निम्नलिखित में से कौन सी मात्रा बदलती है ?

(1) आंतरिक ऊर्जा

(2) एंथैल्पी

(3) सक्रियण ऊर्जा

(4) ऐन्ट्रॉपी

2. निम्न में से सही क्रम होगा :

(1) एकाकी युग्म – एकाकी युग्म > आबंधी युग्म – आबंधी युग्म > एकाकी युग्म – आबंधी युग्म

(2) आबंधी युग्म – आबंधी युग्म > एकाकी युग्म – आबंधी युग्म > एकाकी युग्म – एकाकी युग्म

(3) एकाकी युग्म – आबंधी युग्म > आबंधी युग्म – आबंधी युग्म > एकाकी युग्म – एकाकी युग्म

(4) एकाकी युग्म–एकाकी युग्म > एकाकी युग्म–आबंधी युग्म > आबंधी युग्म – आबंधी युग्म

3. ऐरीलऐमीन के क्षारकता के लिये सही कथन है

(1) ऐरीलऐमीन सामान्यत: ऐल्किलऐमीन से ज्यादा क्षारीय होती है क्योंकि नाइट्रोजन के एकाकी – युग्म इलेक्ट्रोन ऐरोमेटिक वलय के π – इलेक्ट्रोन के साथ विस्थापित नहीं होते हैं।

(2) ऐरिल समूह के कारण ऐरीलऐमीन सामान्यत: ऐल्किलऐमीन से ज्यादा क्षारीय है।

(3) ऐरीलऐमीन सामान्यत: ऐल्किलऐमीन से ज्यादा क्षारीय है क्योंकि ऐरीलऐमीन में नाइट्रोजन परमाणु sp-संकरित है।

(4) ऐरीलऐमीन सामान्यत: ऐल्किलऐमीन से कम क्षारीय होती है क्योंकि नाइट्रोजन के एकाकी – युग्म इलेक्ट्रोन ऐरोमेटिक वलय के π – इलेक्ट्रोन के साथ विस्थापित होते हैं।

4. कॉपर को सान्द्र HNO_3 के साथ गर्म करने पर बनता है :

(1) $Cu(NO_3)_2$ और NO

(2) $Cu(NO_3)_2$, NO और NO_2

(3) $Cu(NO_3)_2$ और N_2O

(4) $Cu(NO_3)_2$ और NO_2

Prepp
Your Personal Exams Guide

5. For the following reactions

(a) $CH_3CH_2CH_2Br + KOH \rightarrow CH_3CH=CH_2 + KBr + H_2O$

(b) 

(c) 

Which of the following statements is correct ?

(1) (a) is elimination, (b) is substitution and (c) is addition reaction.

(2) (a) is elimination, (b) and (c) are substitution reactions.

(3) (a) is substitution, (b) and (c) are addition reactions.

(4) (a) and (b) are elimination reactions and (c) is addition reaction.

6. Two electrons occupying the same orbital are distinguished by :

(1) Magnetic quantum number

(2) Azimuthal quantum number

(3) Spin quantum number

(4) Principal quantum number

7 The reaction



can be classified as :

(1) Alcohol formation reaction

(2) Dehydration reaction

(3) Williamson alcohol synthesis reaction

(4) Williamson ether synthesis reaction

8 The electronic configurations of Eu (Atomic No. 63), Gd (Atomic No. 64) and Tb (Atomic No. 65) are :

(1) $[Xe]4f^65d^16s^2$, $[Xe]4f^75d^16s^2$ and $[Xe]4f^96s^2$

(2) $[Xe]4f^65d^16s^2$, $[Xe]4f^75d^16s^2$ and $[Xe]4f^85d^16s^2$

(3) $[Xe]4f^76s^2$, $[Xe]4f^75d^16s^2$ and $[Xe]4f^96s^2$

(4) $[Xe]4f^76s^2$, $[Xe]4f^8 6s^2$ and $[Xe]4f^85d^16s^2$

5. निम्न अभिक्रियाओं के लिये

(a) $CH_3CH_2CH_2Br + KOH \rightarrow CH_3CH=CH_2 + KBr + H_2O$

(b) 

(c) 

निम्न में से कौन सा कथन सत्य है ?

(1) (a) विलोपन अभिक्रिया, (b) प्रतिस्थापन अभिक्रिया और (c) योगज अभिक्रिया है।

(2) (a) विलोपन अभिक्रिया, (b) और (c) प्रतिस्थापन अभिक्रियाएँ हैं।

(3) (a) प्रतिस्थापन, (b) और (c) योगज अभिक्रियाएँ हैं।

(4) (a) और (b) विलोपन अभिक्रियाएँ हैं तथा (c) योगज अभिक्रिया है।

6. दो इलेक्ट्रॉन जो कि एक ही कक्षक में हैं। इनमें अन्तर किसके द्वारा किया जा सकता है ?

(1) चुम्बकीय क्वांटम संख्या

(2) दिगंशीय क्वांटम संख्या

(3) प्रचक्रण क्वांटम संख्या

(4) मुख्य क्वांटम संख्या

7. अभिक्रिया



को वर्गीकृत किया जा सकता है :

(1) ऐल्कोहल विरचन अभिक्रिया

(2) निर्जलीकरण अभिक्रिया

(3) विलियम्सन एल्कोहल संश्लेषण अभिक्रिया

(4) विलियम्सन ईथर संश्लेषण अभिक्रिया

8. Eu (प.स. 63), Gd (प.स. 64) और Tb (प.स. 65) के इलेक्ट्रोनिक विन्यास है :

(1) $[Xe]4f^65d^16s^2$, $[Xe]4f^75d^16s^2$ और $[Xe]4f^96s^2$

(2) $[Xe]4f^65d^16s^2$, $[Xe]4f^75d^16s^2$ और $[Xe]4f^85d^16s^2$

(3) $[Xe]4f^76s^2$, $[Xe]4f^75d^16s^2$ और $[Xe]4f^96s^2$

(4) $[Xe]4f^76s^2$, $[Xe]4f^8 6s^2$ और $[Xe]4f^85d^16s^2$

9. At 100°C the vapour pressure of a solution of 6.5 g of a solute in 100 g water is 732 mm. If $K_b = 0.52$, the boiling point of this solution will be

(1) 100°C
(2) 102°C
(3) 103°C
(4) 101°C

10. The correct statement regarding the comparison of staggered and eclipsed conformations of ethane, is

(1) The eclipsed conformation of ethane is more stable than staggered conformation, because eclipsed conformation has no torsional strain.
(2) The eclipsed conformation of ethane is more stable than staggered conformation even though the eclipsed conformation has torsional strain.
(3) The staggered conformation of ethane is more stable than eclipsed conformation, because staggered conformation has no torsional strain.
(4) The staggered conformation of ethane is less stable than eclipsed conformation, because staggered conformation has torsional strain.

11. Which one of the following characteristics is associated with adsorption ?

(1) ΔG, ΔH and ΔS all are negative
(2) ΔG and ΔH are negative but ΔS is positive
(3) ΔG and ΔS are negative but ΔH is positive
(4) ΔG is negative but ΔH and ΔS are positive

12. Match the compounds given in column I with the hybridisation and shape given in column II and mark the correct option.

	Column I		Column II
(a)	XeF_6	(i)	distorted octahedral
(b)	XeO_3	(ii)	square planar
(c)	$XeOF_4$	(iii)	pyramidal
(d)	XeF_4	(iv)	square pyramidal

Code :

	(a)	(b)	(c)	(d)
(1)	(i)	(ii)	(iv)	(iii)
(2)	(iv)	(iii)	(i)	(ii)
(3)	(iv)	(i)	(ii)	(iii)
(4)	(i)	(iii)	(iv)	(ii)

9. एक 6.5 g विलेय का 100 g जल में विलयन का 100°C पर वाष्प दाब 732 mm है। यदि $K_b = 0.52$, तो इस विलयन का क्वथनांक होगा :

(1) 100°C
(2) 102°C
(3) 103°C
(4) 101°C

10. एथेन के सांतरित एवं ग्रस्त संरूपण की तुलना के लिये **सही** कथन है :

(1) एथेन का ग्रस्त संरूपण, सांतरित संरूपण से अधिक स्थायी है क्योंकि ग्रस्त संरूपण में मरोड़ी विकृती नहीं है।
(2) एथेन का ग्रस्त संरूपण, सांतरित संरूपण से अधिक स्थायी है जबकि ग्रस्त संरूपण में मरोड़ी विकृती है।
(3) एथेन का सांतरित संरूपण, ग्रस्त संरूपण से अधिक स्थायी है क्योंकि सांतरित संरूपण में मरोड़ी विकृती नहीं है।
(4) एथेन का सांतरित संरूपण, ग्रस्त संरूपण से कम स्थायी है क्योंकि सांतरित संरूपण में मरोड़ी विकृती है।

11. निम्नलिखित लक्षणों में से कौन सा अधिशोषण से सम्बन्धित है ?

(1) ΔG, ΔH एवं ΔS सभी ऋणात्मक होते हैं।
(2) ΔG एवं ΔH ऋणात्मक लेकिन ΔS धनात्मक होता है।
(3) ΔG तथा ΔS ऋणात्मक लेकिन ΔH धनात्मक होता है।
(4) ΔG ऋणात्मक लेकिन ΔH एवं ΔS धनात्मक होते हैं।

12. **स्तम्भ I** में दिये गये यौगिकों को उनके संकरण एवं आकार जो कि **स्तम्भ II** में दिये गये हैं को मिलाये तथा सही विकल्प को चिह्नित कीजिए।

	स्तम्भ I		स्तम्भ II
(a)	XeF_6	(i)	विकृत अष्टफलकीय
(b)	XeO_3	(ii)	वर्ग समतली
(c)	$XeOF_4$	(iii)	पिरामिडी
(d)	XeF_4	(iv)	वर्ग पिरामिडी

कोड :

	(a)	(b)	(c)	(d)
(1)	(i)	(ii)	(iv)	(iii)
(2)	(iv)	(iii)	(i)	(ii)
(3)	(iv)	(i)	(ii)	(iii)
(4)	(i)	(iii)	(iv)	(ii)

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

13. The correct statement regarding a carbonyl compound with a hydrogen atom on its alpha-carbon, is :

(1) a carbonyl compound with a hydrogen atom on its alpha-carbon rapidly equilibrates with its corresponding enol and this process is known as aldehyde-ketone equilibration.

(2) a carbonyl compound with a hydrogen atom on its alpha-carbon rapidly equilibrates with its corresponding enol and this process is known as carbonylation.

(3) a carbonyl compound with a hydrogen atom on its alpha-carbon rapidly equilibrates with its corresponding enol and this process is known as keto-enol tautomerism.

(4) a carbonyl compound with a hydrogen atom on its alpha-carbon never equilibrates with its corresponding enol.

14. In a protein molecule various amino acids are linked together by

(1) β - glycosidic bond

(2) peptide bond

(3) dative bond

(4) α - glycosidic bond

15. Match items of Column I with the items of Column II and assign the correct code :

Column I		Column II	
(a)	Cyanide process	(i)	Ultrapure Ge
(b)	Froth floatation process	(ii)	Dressing of ZnS
(c)	Electrolytic reduction	(iii)	Extraction of Al
(d)	Zone refining	(iv)	Extraction of Au
		(v)	Purification of Ni

Code :

	(a)	(b)	(c)	(d)
(1)	(ii)	(iii)	(i)	(v)
(2)	(i)	(ii)	(iii)	(iv)
(3)	(iii)	(iv)	(v)	(i)
(4)	(iv)	(ii)	(iii)	(i)

16. Which of the following is an analgesic ?

(1) Penicillin

(2) Streptomycin

Chloromycetin

Novalgin

13. कार्बोनिल यौगिक जिनमें α –कार्बन पर हाइड्रोजन उपस्थित है, के लिये सही कथन है :

(1) कार्बोनिल यौगिक जिनमें α–कार्बन पर हाइड्रोजन परमाणु उपस्थित है, यह इनके अनुरूप ईनॉल में आसानी से साम्यावस्था में होते हैं और यह प्रक्रम ऐल्डिहाइड - कीटोन साम्यावस्था कहलाता है।

(2) कार्बोनिल यौगिक जिनमें α–कार्बन हाइड्रोजन परमाणु उपस्थित है, यह इनके अनुरूप ईनॉल में आसानी से साम्यावस्था में होते हैं और यह प्रक्रम कार्बोनिलीकरण कहलाता है।

(3) कार्बोनिल यौगिक जिनमें α–कार्बन पर हाइड्रोजन परमाणु उपस्थित है, यह इनके अनुरूप ईनॉल में आसानी से साम्यावस्था में होते हैं और यह प्रक्रम किटो-ईनॉल चलावयवता कहलाती है।

(4) कार्बोनिल यौगिक जिनमें α–कार्बन पर हाइड्रोजन परमाणु उपस्थित है, यह इनके अनुरूप ईनॉल से कभी भी साम्यावस्था में नहीं होते हैं।

14. प्रोटीन अणु में विभिन्न ऐमीनो अम्ल एक दूसरे से जुड़े रहते हैं :

(1) β - ग्लाईकोसिडिक आबंध के द्वारा

(2) पेप्टाइड आबंध के द्वारा

(3) दाता आबंध के द्वारा

(4) α - ग्लाईकोसिडिक आबंध के द्वारा

15. स्तम्भ I के उल्लेख को स्तम्भ II के उल्लेख से मिलायें। सही संकेत पद्धति है :

स्तंभ I		स्तंभ II	
(a)	सॉयनाइड प्रक्रम	(i)	अतिशुद्ध Ge
(b)	फेन प्लवन विधि	(ii)	ZnS का प्रसाधन
(c)	विद्युत अपघटनी अपचयन	(iii)	Al का निष्कर्षण
(d)	मंडल परिष्करण	(iv)	Au का निष्कर्षण
		(v)	Ni का शोधन

कोड :

	(a)	(b)	(c)	(d)
(1)	(ii)	(iii)	(i)	(v)
(2)	(i)	(ii)	(iii)	(iv)
(3)	(iii)	(iv)	(v)	(i)
(4)	(iv)	(ii)	(iii)	(i)

16. निम्न में से कौन सी दवा एक पीडाहारी है ?

(1) पेनिसिलिन

(2) स्ट्रेप्टोमाइसिन

(क्लोरोमाइसीटिन

(

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

17. Which is the correct statement for the given acids ?
(1) Phosphinic acid is a monoprotic acid while phosphonic acid is a diprotic acid.
(2) Phosphinic acid is a diprotic acid while phosphonic acid is a monoprotic acid.
(3) Both are triprotic acids.
(4) Both are diprotic acids.

18. The pair of electron in the given carbanion, $CH_3C \equiv C^{\ominus}$, is present in which of the following orbitals ?
(1) sp^3
(2) sp^2
(3) sp
(4) 2p

19. Consider the molecules CH_4, NH_3 and H_2O. Which of the given statements is false ?
(1) The $H-O-H$ bond angle in H_2O is larger than the $H-C-H$ bond angle in CH_4.
(2) The $H-O-H$ bond angle in H_2O is smaller than the $H-N-H$ bond angle in NH_3.
(3) The $H-C-H$ bond angle in CH_4 is larger than the $H-N-H$ bond angle in NH_3.
(4) The $H-C-H$ bond angle in CH_4, the $H-N-H$ bond angle in NH_3, and the $H-O-H$ bond angle in H_2O are all greater than 90°.

20. Which one of the following statements is correct when SO_2 is passed through acidified $K_2Cr_2O_7$ solution ?
(1) The solution is decolourized.
(2) SO_2 is reduced.
(3) Green $Cr_2(SO_4)_3$ is formed.
(4) The solution turns blue.

21. The correct thermodynamic conditions for the spontaneous reaction at all temperatures is
(1) $\Delta H > 0$ and $\Delta S < 0$
(2) $\Delta H < 0$ and $\Delta S > 0$
(3) $\Delta H < 0$ and $\Delta S < 0$
(4) $\Delta H < 0$ and $\Delta S = 0$

22. Natural rubber has :
(1) All trans-configuration
(2) Alternate cis - and trans-configuration
(3) Random cis - and trans-configuration
(4) All cis-configuration

17. निम्नलिखित में से कौन सा कथन दिये गये अम्लों के लिये है ?
(1) फॉस्फिनिक अम्ल एकप्रोटी अम्ल है जबकि फॉस्फो एक द्विप्रोटी अम्ल है।
(2) फॉस्फिनिक अम्ल द्विप्रोटी अम्ल है जबकि फॉस्फो अम्ल एकप्रोटी अम्ल है।
(3) दोनों त्रिप्रोटी अम्ल है।
(4) दोनों द्विप्रोटी अम्ल है।

18. दिये गये कार्ब-ऋणायन, $CH_3C \equiv C^{\ominus}$ के युग्म इलेक्ट्रॉन में से किस कक्षक में उपस्थित है ?
(1) sp^3
(2) sp^2
(3) sp
(4) 2p

19. CH_4, NH_3 और H_2O अणुओं के लिये नीचे दिये गये व में से कौन सा **असत्य** है ?
(1) H_2O में $H-O-H$ आबंध-कोण, CH_4 $H-C-H$ आबंध-कोण से अधिक है।
(2) H_2O में $H-O-H$ आबंध-कोण, NH $H-N-H$ आबंध-कोण से कम है।
(3) CH_4 में $H-C-H$ आबंध-कोण, NH $H-N-H$ आबंध-कोण से अधिक है।
(4) CH_4 में $H-C-H$ आबंध-कोण, NH $H-N-H$ आबंध-कोण तथा H_2O में $H-O$ आबंध-कोण, सभी में 90° से अधिक है।

20. निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य है जब SO_2 को अ $K_2Cr_2O_7$ के विलयन में से पास किया जाता है ?
(1) विलयन रंगहीन हो जाता है।
(2) SO_2 अपचयित होता है।
(3) हरा $Cr_2(SO_4)_3$ बनता है।
(4) विलयन नीला पड़ जाता है।

21. सभी तापों पर अभिक्रिया के स्वत:प्रवर्तित के लिये ऊष्मागतिकीय शर्तें हैं :
(1) $\Delta H > 0$ तथा $\Delta S < 0$
(2) $\Delta H < 0$ तथा $\Delta S > 0$
(3) $\Delta H < 0$ तथा $\Delta S < 0$
(4) $\Delta H < 0$ तथा $\Delta S = 0$

22. प्राकृतिक रबर में :
(1) सभी ट्रान्स-विन्यास है।
(2) एकान्तर सिस्-एवं ट्रांस-विन्यास है।
(3) अनियमित सिस्-एवं ट्रांस-विन्यास है।
(4) सभी सिस्-विन्यास है।

23. In which of the following options the order of arrangement does **not** agree with the variation of property indicated against it ?
(1) B < C < N < O (increasing first ionisation enthalpy)
(2) I < Br < Cl < F (increasing electron gain enthalpy)
(3) Li < Na < K < Rb (increasing metallic radius)
(4) $Al^{3+} < Mg^{2+} < Na^{+} < F^{-}$ (increasing ionic size)

24. Which of the following reagents would distinguish cis-cyclopenta-1,2-diol from the trans-isomer ?
(1) Ozone
(2) MnO_2
(3) Aluminium isopropoxide
(4) Acetone

25. The product obtained as a result of a reaction of nitrogen with CaC_2 is
(1) CaCN
(2) $CaCN_3$
(3) Ca_2CN
(4) $Ca(CN)_2$

26. Fog is a colloidal solution of
(1) Gas in liquid
(2) Solid in gas
(3) Gas in gas
(4) Liquid in gas

27. Which one of the following orders is correct for the bond dissociation enthalpy of halogen molecules ?
(1) $Cl_2 > Br_2 > F_2 > I_2$
(2) $Br_2 > I_2 > F_2 > Cl_2$
(3) $F_2 > Cl_2 > Br_2 > I_2$
(4) $I_2 > Br_2 > Cl_2 > F_2$

28. Equal moles of hydrogen and oxygen gases are placed in a container with a pin-hole through which both can escape. What fraction of the oxygen escapes in the time required for one-half of the hydrogen to escape ?
(1) 1/4
(2) 3/8
(3) 1/2
(4) 1/8

23. निम्नलिखित में से कौन सा क्रम दिये गये गुणधर्म के परिवर्तन के अनुसार सहमत **नहीं** है ?
(1) B < C < N < O (बढ़ता हुआ प्रथम आयनिक एन्थैल्पी)
(2) I < Br < Cl < F (बढ़ती हुई इलेक्ट्रोन लब्धि एन्थैल्पी)
(3) Li < Na < K < Rb (बढ़ती हुई धात्विक त्रिज्या)
(4) $Al^{3+} < Mg^{2+} < Na^{+} < F^{-}$ (बढ़ते हुये आयनिक आकार)

24. निम्न में से कौन सा अभिकर्मक सिस्-साइक्लोपेन्टा-1, 2-डाईऑल एवं इसके ट्रांस-समावयवी में भेद करेगा ?
(1) ओजोन
(2) MnO_2
(3) ऐल्युमिनियम आइसोप्रोपोक्साइड
(4) ऐसीटोन

25. नाइट्रोजन की CaC_2 के साथ अभिक्रिया से प्राप्त उत्पाद है :
(1) CaCN
(2) $CaCN_3$
(3) Ca_2CN
(4) $Ca(CN)_2$

26. धुंध कोलॉइडी विलयन है :
(1) द्रव में गैस का
(2) गैस में ठोस का
(3) गैस में गैस का
(4) गैस में द्रव का

27. निम्नलिखित में से कौन क्रम हैलोजन अणुओं की आबंध वियोजन एन्थैल्पी के लिये **सही** है ?
(1) $Cl_2 > Br_2 > F_2 > I_2$
(2) $Br_2 > I_2 > F_2 > Cl_2$
(3) $F_2 > Cl_2 > Br_2 > I_2$
(4) $I_2 > Br_2 > Cl_2 > F_2$

28. हाइड्रोजन एवं ऑक्सीजन गैसों के समान मोलों को एक पात्र में रखा गया है, जो कि एक सूक्ष्म छिद्र के द्वारा पलायन कर सकते हैं। हाइड्रोजन के आधे पलायन में लगे समय में ऑक्सीजन का कितना अंश पलायन करेगा ?
(1) 1/4
(2) 3/8
(3) 1/2
(4) 1/8

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

29. Lithium has a bcc structure. Its density is 530 kg m^{-3} and its atomic mass is 6.94 g mol^{-1}. Calculate the edge length of a unit cell of Lithium metal. ($N_A = 6.02 \times 10^{23}$ mol^{-1})

(1) 352 pm

(2) 527 pm

(3) 264 pm

(4) 154 pm

30. Which of the following statements about the composition of the vapour over an ideal 1 : 1 molar mixture of benzene and toluene is **correct** ? Assume that the temperature is constant at 25°C. (Given, Vapour Pressure Data at 25°C, benzene = 12.8 kPa, toluene = 3.85 kPa)

(1) The vapour will contain a higher percentage of toluene.

(2) The vapour will contain equal amounts of benzene and toluene.

(3) Not enough information is given to make a prediction.

(4) The vapour will contain a higher percentage of benzene.

31. Which of the following has longest C − O bond length ? (Free C − O bond length in CO is 1.128 Å .)

(1) $[Co(CO)_4]^{\ominus}$

(2) $[Fe(CO)_4]^{2-}$

(3) $[Mn(CO)_6]^{+}$

(4) $Ni(CO)_4$

32. Among the following, the **correct** order of acidity is :

(1) $HClO < HClO_2 < HClO_3 < HClO_4$

(2) $HClO_2 < HClO < HClO_3 < HClO_4$

(3) $HClO_4 < HClO_2 < HClO < HClO_3$

(4) $HClO_3 < HClO_4 < HClO_2 < HClO$

33. In the reaction

$$H-C\equiv CH \xrightarrow[\text{(2) } CH_3CH_2Br]{\text{(1) } NaNH_2/liq.NH_3} X \xrightarrow[\text{(2) } CH_3CH_2Br]{\text{(1) } NaNH_2/liq.NH_3} Y,$$

X and Y are :

(1) X = 2-Butyne ; Y = 3-Hexyne

(2) X = 2-Butyne ; Y = 2-Hexyne

(3) X = 1-Butyne ; Y = 2-Hexyne

(4) X = 1-Butyne ; Y = 3-Hexyne

29. लिथियम की bcc संरचना है। इसका घनत्व 530 kg m तथा परमाणु द्रव्यमान 6.94 g mol^{-1} है। लिथियम धातु एकक कोष्ठिका के कोर की लम्बाई है :
($N_A = 6.02 \times 10^{23}$ mol^{-1})

(1) 352 pm

(2) 527 pm

(3) 264 pm

(4) 154 pm

30. बेन्जीन एवं टॉलूईन के 1 : 1 आदर्श मोलर मिश्रण के संयोजन के लिये निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य कल्पना करें कि तापमान 25°C पर स्थिर है। (दिये गये दाब 25°C पर बेन्जीन = 12.8 kPa, टॉलूईन = 3.85 kPa)

(1) वाष्प में टॉलूईन की अधिक प्रतिशतता होगी।

(2) वाष्प में समान मात्रा में बेन्जीन एवं टॉलूईन होगी।

(3) अपर्याप्त सूचनाओं के कारण कोई पूर्वानुमान नहीं ल जा सकता है।

(4) वाष्प में बेंजीन की अधिक प्रतिशतता होगी।

31. निम्नलिखित में से किसकी C − O आबंध लम्बाई अधिक है ? (मुक्त C − O आबंध लम्बाई CO में 1.128 A है।

(1) $[Co(CO)_4]^{\ominus}$

(2) $[Fe(CO)_4]^{2-}$

(3) $[Mn(CO)_6]^{+}$

(4) $Ni(CO)_4$

32. निम्न में से अम्लता का **सही** क्रम है :

(1) $HClO < HClO_2 < HClO_3 < HClO_4$

(2) $HClO_2 < HClO < HClO_3 < HClO_4$

(3) $HClO_4 < HClO_2 < HClO < HClO_3$

(4) $HClO_3 < HClO_4 < HClO_2 < HClO$

33. अभिक्रिया में

$$H-C\equiv CH \xrightarrow[\text{(2) } CH_3CH_2Br]{\text{(1) } NaNH_2/liq.NH_3} X \xrightarrow[\text{(2) } CH_3CH_2Br]{\text{(1) } NaNH_2/liq.NH_3}$$

X और Y है :

(1) X = 2-ब्यूटाइन ; Y = 3-हेक्साइन

(2) X = 2-ब्यूटाइन ; Y = 2-हेक्साइन

(3) X = 1-ब्यूटाइन ; Y = 2-हेक्साइन

(4) X = 1-ब्यूटाइन ; Y = 3-हेक्साइन

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

34. MY and NY_3, two nearly insoluble salts, have the same K_{sp} values of 6.2×10^{-13} at room temperature. Which statement would be true in regard to MY and NY_3 ?
(1) The molar solubility of MY in water is less than that of NY_3.
(2) The salts MY and NY_3 are more soluble in 0.5 M KY than in pure water.
(3) The addition of the salt of KY to solution of MY and NY_3 will have no effect on their solubilities.
(4) The molar solubilities of MY and NY_3 in water are identical.

35. Consider the nitration of benzene using mixed conc. H_2SO_4 and HNO_3. If a large amount of $KHSO_4$ is added to the mixture, the rate of nitration will be :
(1) slower
(2) unchanged
(3) doubled
(4) faster

36. The product formed by the reaction of an aldehyde with a primary amine is
(1) Ketone
(2) Carboxylic acid
(3) Aromatic acid
(4) Schiff base

37. The pressure of H_2 required to make the potential of H_2 - electrode zero in pure water at 298 K is
(1) 10^{-12} atm
(2) 10^{-10} atm
(3) 10^{-4} atm
(4) 10^{-14} atm

38. The correct statement regarding RNA and DNA, respectively is
(1) The sugar component in RNA is ribose and the sugar component in DNA is 2′-deoxyribose.
(2) The sugar component in RNA is arabinose and the sugar component in DNA is ribose.
(3) The sugar component in RNA is 2′-deoxyribose and the sugar component in DNA is arabinose.
(4) The sugar component in RNA is arabinose and the sugar component in DNA is 2′-deoxyribose.

39. Which one given below is a non-reducing sugar ?
(1) Lactose
(2) Glucose
(3) Sucrose
(4) Maltose

34. MY एवं NY_3 दो लगभग अविलेय लवणों का कमरे के ताप पर K_{sp} का मान, 6.2×10^{-13} एकसमान है। निम्न में से कौन सा कथन MY एवं NY_3 के संदर्भ में सत्य है ?
(1) MY की जल में मोलर विलेयता NY_3 से कम है।
(2) MY एवं NY_3 के लवण शुद्ध जल की तुलना में 0.5 M KY में ज्यादा विलेय है।
(3) KY लवण को MY एवं NY_3 के विलयन में डालने पर इनकी विलेयता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है
(4) MY एवं NY_3 की जल में मोलर विलेयता समान है।

35. बेन्जीन का नाइट्रीकरण सांद्र H_2SO_4 एवं HNO_3 की उपस्थिति में हो रहा है। यदि इस मिश्रण में ज्यादा मात्रा में $KHSO_4$ डालते हैं तो नाइट्रीकरण का वेग होगा :
(1) धीरे
(2) अपरिवर्तित
(3) दुगुना
(4) तेज

36. ऐल्डिहाइड एवं प्राथमिक ऐमीन की अभिक्रिया से बना उत्पाद है :
(1) किटोन
(2) कार्बोक्सिलिक अम्ल
(3) ऐरोमेटिक अम्ल
(4) शिफ् बेस

37 298 K पर शुद्ध जल में H_2 - इलेक्ट्रोड का विभव शून्य करने के लिये आवश्यक H_2 दाब है :
(1) 10^{-12} atm
(2) 10^{-10} atm
(3) 10^{-4} atm
(4) 10^{-14} atm

38. RNA एवं DNA के लिये **सही** कथन क्रमश: है :
(1) RNA में शर्करा घटक राइबोस है और DNA में शर्करा घटक 2′-डिऑक्सीराइबोस है।
(2) RNA में शर्करा घटक अरैबिनोस है और DNA में शर्करा घटक राइबोस है।
(3) RNA में शर्करा घटक 2′-डिऑक्सीराइबोस और DNA में शर्करा घटक अरैबिनोस है।
(4) RNA में शर्करा घटक अरैबिनोस है और DNA में शर्करा घटक 2′-डिऑक्सीराइबोस है।

39. निम्न में से कौनसी एक गैर-अपचायक शुगर है ?
(1) लेक्टोस
(2) ग्लुकोस
(3) सुक्रोस
(4)

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

40. Which of the following statements about hydrogen is incorrect ?

(1) Hydrogen never acts as cation in ionic salts.

(2) Hydronium ion, H_3O^+ exists freely in solution.

(3) Dihydrogen does not act as a reducing agent.

(4) Hydrogen has three isotopes of which tritium is the most common.

41. Consider the following liquid - vapour equilibrium.

Liquid $\rightleftharpoons$ Vapour

Which of the following relations is correct ?

(1) $\frac{d\ln P}{dT} = \frac{-\Delta H_v}{RT}$

(2) $\frac{d\ln P}{dT^2} = \frac{-\Delta H_v}{T^2}$

(3) $\frac{d\ln P}{dT} = \frac{\Delta H_v}{RT^2}$

(4) $\frac{d\ln G}{dT^2} = \frac{\Delta H_v}{RT^2}$

42. Which of the following biphenyls is optically active ?

(1)


(2)


(3)


(4)


43. Which of the following statements is false ?

(1) Ca^{2+} ions are important in blood clotting.

(2) Ca^{2+} ions are not important in maintaining the regular beating of the heart.

(3) Mg^{2+} ions are important in the green parts of plants.

(4) Mg^{2+} ions form a complex with ATP.

40. निम्नलिखित में से कौन सा कथन हाइड्रोजन के लिये **असत** है ?

(1) हाइड्रोजन आयनिक लवणों में धनायन की तरह व्यवहा नहीं करता है।

(2) हाइड्रोनियम आयन, H_3O^+ का अस्तित्व विलयन म मुक्त रूप में होता है।

(3) डाईहाइड्रोजन अपचायक के रूप में कार्य नहीं करता है

(4) हाइड्रोजन के तीन समस्थानिक है जिसमें से ट्राइटिय प्रचुरता में है।

41. नीचे दिये गये द्रव - वाष्प साम्यावस्था,

द्रव $\rightleftharpoons$ वाष्प

में से कौन सा संबन्ध **सही** है ?

(1) $\frac{d\ln P}{dT} = \frac{-\Delta H_v}{RT}$

(2) $\frac{d\ln P}{dT^2} = \frac{-\Delta H_v}{T^2}$

(3) $\frac{d\ln P}{dT} = \frac{\Delta H_v}{RT^2}$

(4) $\frac{d\ln G}{dT^2} = \frac{\Delta H_v}{RT^2}$

42. निम्न में से कौन सा बाईफिनायल प्रकाशिक सक्रिय है ?

(1)


(2)


(3)


(4)


43. निम्नलिखित में से कौन सा कथन **असत्य** है ?

(1) Ca^{2+} आयन रक्त को जमाने के लिये महत्वपूर्ण है

(2) Ca^{2+} आयन हृदय गति को नियमित रखने में महत्वपू नहीं है।

(3) Mg^{2+} आयन पौधों के हरित भागों के लिये महत्वपू है।

(4) Mg^{2+} आयन ए.टी.पी. के साथ संकुल बनाते हैं।

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

44. The ionic radii of A^+ and B^- ions are 0.98×10^{-10} m and 1.81×10^{-10} m. The coordination number of each ion in AB is

(1) 4
(2) 8
(3) 2
(4) 6

45. The rate of a first-order reaction is 0.04 mol l^{-1} s^{-1} at 10 seconds and 0.03 mol l^{-1} s^{-1} at 20 seconds after initiation of the reaction. The half-life period of the reaction is

(1) 34.1 s
(2) 44.1 s
(3) 54.1 s
(4) 24.1 s

46. The two polypeptides of human insulin are linked together by

(1) Phosphodiester bond
(2) Covalent bond
(3) Disulphide bridges
(4) Hydrogen bonds

47. The coconut water from tender coconut represents :

(1) Fleshy mesocarp
(2) Free nuclear proembryo
(3) Free nuclear endosperm
(4) Endocarp

48. Which of the following is not a feature of the plasmids ?

(1) Circular structure
(2) Transferable
(3) Single - stranded
(4) Independent replication

49. Which is the National Aquatic Animal of India ?

(1) River dolphin
(2) Blue whale
(3) Sea - horse
(4) Gangetic shark

50. The *Avena* curvature is used for bioassay of :

(1) GA_3
(2) IAA
(3) Ethylene
(4) ABA

44. A^+ एवं B^- आयनों की आयनिक त्रिज्याएँ क्रमशः 0.98×10^{-10} m एवं 1.81×10^{-10} m है। AB में प्रत्येक आयन की उपसहसंयोजन संख्या है :

(1) 4
(2) 8
(3) 2
(4) 6

45. एक प्रथम कोटि की अभिक्रिया का वेग अभिक्रिया प्रारम्भ होने के 10 sec बाद 0.04 mol l^{-1} s^{-1} तथा 20 sec बाद 0.03 mol l^{-1} s^{-1} है। इस अभिक्रिया की अर्द्ध आयु काल है :

(1) 34.1 s
(2) 44.1 s
(3) 54.1 s
(4) 24.1 s

46. मानव इन्सुलिन के दो पॉलीपेप्टाइड आपस में किसके द्वारा संयोजित होते हैं ?

(1) फास्फोडाइएस्टर बन्ध
(2) सहसंयोजी बन्ध
(3) डाइसल्फाइड सेतु
(4) हाइड्रोजन बन्ध

47. कच्चे नारियल में, नारियल पानी क्या है ?

(1) गूदेदार मध्यफलभित्ति
(2) स्वतन्त्र केन्द्रकी भ्रूणपूर्वी
(3) स्वतन्त्र केन्द्रकी भ्रूणपोष
(4) अन्तःफलभित्ति

48. निम्नलिखित में से कौन सा एक प्लाज्मिड का अभिलक्षण नहीं है ?

(1) वृत्तीय संरचना
(2) स्थानान्तरण योग्य
(3) एकल - रज्जुकीय
(4) स्वतन्त्र प्रतिकृतीयन

49. भारत का राष्ट्रीय जलीय प्राणी कौन-सा है ?

(1) नदी की डॉल्फ़िन
(2) ब्लू ह्वेल
(3) समुद्री घोड़ा
(4) गंगा की शार्क

50. *एवीना* वक्रता किसके जैव आमापन के लिए प्रयुक्त होती है ?

(1) GA_3
(2) IAA
(3) एथिलीन
(4) ABA

www.prepp.in
Prepp Your Personal Exams Guide
English+Hin

51. Which of the following is the most important cause of animals and plants being driven to extinction ?

(1) Alien species invasion

(2) Habitat loss and fragmentation

(3) Co - extinctions

(4) Over - exploitation

52. Which of the following approaches does **not** give the defined action of contraceptive ?

(1)	Intra uterine devices	increase phagocytosis of sperms, suppress sperm motility and fertilizing capacity of sperms
(2)	Hormonal contraceptives	Prevent/retard entry of sperms, prevent ovulation and fertilization
(3)	Vasectomy	prevents spermatogenesis
(4)	Barrier methods	prevent fertilization

53. In a testcross involving F_1 dihybrid flies, more parental-type offspring were produced than the recombinant-type offspring. This indicates :

(1) Chromosomes failed to separate during meiosis.

(2) The two genes are linked and present on the same chromosome.

(3) Both of the characters are controlled by more than one gene.

(4) The two genes are located on two different chromosomes.

54. A typical fat molecule is made up of :

(1) One glycerol and three fatty acid molecules

(2) One glycerol and one fatty acid molecule

(3) Three glycerol and three fatty acid molecules

(4) Three glycerol molecules and one fatty acid molecule

51. जन्तुओं और पादपों की विलुप्ति का निम्नलिखित में से कौन स एक सबसे मुख्य कारण है ?

(1) विदेशी जाति की चढ़ाई

(2) आवास हानि और खंडन

(3) सह-समाप्ति

(4) अति दोहन

52. निम्नलिखित उपागमों में से कौन-सा उपागम किसी गर्भनिरोधक की परिभाषित क्रिया **नहीं** बताता ?

(1) अंत: गर्भाशयी युक्तियाँ	शुक्राणुओं की अक्षकोशिकता बढ़ा देती हैं, शुक्राणुओं की गतिशीलता एवं निषेचन क्षमता का मंदन करता है
(2) हॉर्मोनी गर्भनिरोधक	शुक्राणुओं के प्रवेश को रोकते हैं/उसकी दर को धीमा कर देते हैं, अंडोत्सर्ग और निषेचन नहीं होने देते
(3) शुक्रवाहक उच्छेदन	शुक्राणुजनन नहीं होने देते।
(4) रोध (बैरियर) विधियाँ	निषेचन रोकती हैं

53. परीक्षार्थ प्रसंकरण में, जिसमें F_1 द्विसंकर मक्खियाँ शामिल थीं, पुनर्योगज प्रकार की संततियों की तुलना में जनक-प्रकार की संततियाँ अधिक उत्पन्न हुयीं। इसमें संकेत मिलते हैं कि :

(1) अर्धसूत्रण के दौरान गुणसूत्र पृथक नहीं हो पाए।

(2) दो जीन सहलग्न हैं और एक ही गुणसूत्र पर विद्यमान हैं।

(3) दोनों ही लक्षणों का नियंत्रण एक से अधिक जीनों द्वारा होता है।

(4) दो जीन दो अलग गुणसूत्रों पर स्थित हैं।

54. एक प्रारूपी वसा का अणु किसका बना होता है ?

(1) एक ग्लीसरॉल अणु और तीन वसा अम्ल अणुओं का

(2) एक ग्लीसरॉल और एक वसा अम्ल अणु का

(3) तीन ग्लीसरॉल और तीन वसा अम्ल अणुओं का

(4) तीन ग्लीसरॉल अणुओं और एक वसा अम्ल अणु का

55. Match the terms in Column I with their description in Column II and choose the correct option :

Column I		Column II	
(a)	Dominance	(i)	Many genes govern a single character
(b)	Codominance	(ii)	In a heterozygous organism only one allele expresses itself
(c)	Pleiotropy	(iii)	In a heterozygous organism both alleles express themselves fully
(d)	Polygenic inheritance	(iv)	A single gene influences many characters

Code :

	(a)	(b)	(c)	(d)
(1)	(ii)	(iii)	(iv)	(i)
(2)	(iv)	(i)	(ii)	(iii)
(3)	(iv)	(iii)	(i)	(ii)
(4)	(ii)	(i)	(iv)	(iii)

56. Which of the following statements is not correct ?

(1) Insects that consume pollen or nectar without bringing about pollination are called pollen/nectar robbers.

(2) Pollen germination and pollen tube growth are regulated by chemical components of pollen interacting with those of the pistil.

(3) Some reptiles have also been reported as pollinators in some plant species.

(4) Pollen grains of many species can germinate on the stigma of a flower, but only one pollen tube of the same species grows into the style.

57. Which of the following features is not present in *Periplaneta americana* ?

(1) Indeterminate and radial cleavage during embryonic development

(2) Exoskeleton composed of N-acetylglucosamine

(3) Metamerically segmented body

(4) Schizocoelom as body cavity

58. Water soluble pigments found in plant cell vacuoles are :

(1) Chlorophylls

(2) Carotenoids

(3) Anthocyanins

(4) Xanthophylls

55. कॉलम I की शब्दों को कॉलम II में दिए गए उनके वर्णन से मैच कीजिए तथा सही विकल्प चुनिए :

कॉलम I		कॉलम II	
(a)	प्रभाविता	(i)	अनेक जीन एकल लक्षण का नियंत्रण करते हैं।
(b)	सहप्रभाविता	(ii)	विषमयुग्मजी जीव में केवल एक ही ऐलील स्वयं को अभिव्यक्त करता है।
(c)	बहुप्रभाविता	(iii)	विषमयुग्मजी जीव में दोनों ही ऐलील स्वयं को पूरी तरह अभिव्यक्त करते हैं।
(d)	बहुजीनी वंशागति	(iv)	एकल जीन अनेक लक्षणों को प्रभावित करता है

कोड :

	(a)	(b)	(c)	(d)
(1)	(ii)	(iii)	(iv)	(i)
(2)	(iv)	(i)	(ii)	(iii)
(3)	(iv)	(iii)	(i)	(ii)
(4)	(ii)	(i)	(iv)	(iii)

56. निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य नहीं है ?

(1) कीट जो बिना परागण किये पराग या मकरंद को ग्रहण करते हैं उन्हें पराग/मकरंद चोर कहते हैं।

(2) परागकण अंकुरण तथा पराग-नलिका वृद्धि परागकण तथा स्त्रीकेसर की पारस्परिक क्रिया के फलस्वरूप उत्पन्न रासायनिक घटकों द्वारा नियंत्रित होती है।

(3) कुछ सरिसृप, कुछ पादप जातियों में परागण करते हुए बताये गये हैं।

(4) बहुत सारी जातियों के परागकण एक पुष्प के वर्तीकाग्र पर अंकुरित हो सकते हैं परन्तु उसी जाति के परागकणों की केवल एक पराग-नलिका वर्तिका में आगे बढ़ती है।

57. निम्नलिखित में से कौन-सा लक्षण *पेरिप्लैनेटा अमेरिकाना* में नहीं पाया जाता ?

(1) भ्रूणीय परिवर्धन के दौरान अनिर्धारित और अरीय विदलन

(2) N - एसेटिलग्लूकोसऐमीन से निर्मित बाह्यकंकाल

(3) विखंडश: खंडित देह

(4) देहगुहा के रूप में दीर्णगुहा

58. पादप कोशिका की रसधानी में जल घुलित वर्णक कौन से होते हैं ?

(1) पर्णहरित

(2) कैरोटिनाइड

(3) एन्थोसायनिन

(4) जैन्थोफिल

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

59. A cell at telophase stage is observed by a student in a plant brought from the field. He tells his teacher that this cell is not like other cells at telophase stage. There is no formation of cell plate and thus the cell is containing more number of chromosomes as compared to other dividing cells. This would result in :

(1) Polyploidy
(2) Somaclonal variation
(3) Polyteny
(4) Aneuploidy

60. A plant in your garden avoids photorespiratory losses, has improved water use efficiency, shows high rates of photosynthesis at high temperatures and has improved efficiency of nitrogen utilisation. In which of the following physiological groups would you assign this plant ?

(1) C_4
(2) CAM
(3) Nitrogen fixer
(4) C_3

61. In higher vertebrates, the immune system can distinguish self-cells and non-self. If this property is lost due to genetic abnormality and it attacks self-cells, then it leads to :

(1) Graft rejection
(2) Auto-immune disease
(3) Active immunity
(4) Allergic response

62. Emerson's enhancement effect and Red drop have been instrumental in the discovery of :

(1) Two photosystems operating simultaneously
(2) Photophosphorylation and cyclic electron transport
(3) Oxidative phosphorylation
(4) Photophosphorylation and non-cyclic electron transport

63. Select the correct statement :

(1) *Salvinia*, *Ginkgo* and *Pinus* all are gymnosperms
(2) *Sequoia* is one of the tallest trees
(3) The leaves of gymnosperms are not well adapted to extremes of climate
(4) Gymnosperms are both homosporous and heterosporous

59. खेत से लाये गए एक पादप कोशिका में एक विद्यार्थी द्वारा अंत्यावस्था देखी गयी। वह अपने शिक्षक से कहता है कि यह कोशिका अन्त्यावस्था पर अन्य कोशिकाओं से भिन्न है। इसमें कोशिका प्लेट नहीं बनती और इस कारण इस कोशिका में अन्य विभाजन वाली कोशिकाओं की अपेक्षा अधिक गुणसूत्र हैं। इसका परिणाम क्या होगा ?

(1) बहुगुणिता
(2) कायक्लोनी विभिन्नता
(3) बहुपट्टता
(4) असुगुणिता

60. आपके उद्यान में एक पादप प्रकाश श्वसन से होने वाली हानि से बचता है, उसकी जल उपयोग की दक्षता उन्नत है, वह उच्च ताप पर प्रकाश संश्लेषण की उच्च दर को दर्शाता है और उसकी [illegible] उपयोग की दक्षता उन्नत है। आप इस पादप को निम्नलिखित में से किस एक कार्यिकी समूह में रखेंगे ?

(1) C_4
(2) CAM
(3) नाइट्रोजन स्थिरिकारक
(4) C_3

61. उच्चतर कशेरुकियों में, प्रतिरक्षा तंत्र स्व-कोशिकाओं और ग़ैर-कोशिकाओं में भेद कर सकता है। यदि तंत्र का आनुवंशिक अपसामान्यता के कारण यह गुण नष्ट हो जाए और वह स्व-कोशिकाओं को नष्ट करने लगे तो इसके [illegible] क्या होगा ?

(1) निरोप अस्वीकार कर देना
(2) स्वप्रतिरक्षा विकार
(3) सक्रिय प्रतिरक्षा
(4) ऐलर्जी अनुक्रिया

62. इमर्सन दीर्घीकरण प्रभाव और लाल बूंद (रेड ड्राप) किसकी खोज में प्रमुख यन्त्र रहे हैं ?

(1) दो प्रकाश तन्त्रों का एक साथ कार्य करना
(2) प्रकाशफास्फोरिलेशन और चक्रीय इलेक्ट्रॉन अभिगमन
(3) ऑक्सीडेटिव फास्फोरिलेशन
(4) प्रकाशफास्फोरिलेशन और अचक्रीय इलेक्ट्रॉन अभिगमन

63. सही कथन चुनिए :

(1) *साल्विनिया, जिंगो* और *पाइनस*, ये सभी अनावृतबीजी हैं
सिकोइया सबसे लम्बे वृक्षों में से एक है
(3) अनावृतबीजी पादपों की पत्तियां जलवायु की चरमता के लिए अनुकूलित नहीं होती हैं
(4) अनावृतबीजी, समबीजाणुक और विषमबीजाणुक, दोनों प्रकार के होते हैं

64. Which of the following is not a characteristic feature during mitosis in somatic cells ?
(1) Disappearance of nucleolus
(2) Chromosome movement
(3) Synapsis
(4) Spindle fibres

65. Blood pressure in the pulmonary artery is :
(1) more than that in the carotid.
(2) more than that in the pulmonary vein.
(3) less than that in the venae cavae.
(4) same as that in the aorta.

66. Which of the following structures is homologus to the wing of a bird ?
(1) Wing of a Moth
(2) Hind limb of Rabbit
(3) Flipper of Whale
(4) Dorsal fin of a Shark

67. Seed formation without fertilization in flowering plants involves the process of :
(1) Budding
(2) Somatic hybridization
(3) Apomixis
(4) Sporulation

68. Name the chronic respiratory disorder caused mainly by cigarette smoking :
(1) Asthma
(2) Respiratory acidosis
(3) Respiratory alkalosis
(4) Emphysema

69. Spindle fibres attach on to :
(1) Kinetochore of the chromosome
(2) Centromere of the chromosome
(3) Kinetosome of the chromosome
(4) Telomere of the chromosome

64. कायिक कोशिकाओं में समसूत्रण के दौरान निम्नलिखित में से कौन-सा लक्षण नहीं पाया जाता ?
(1) केन्द्रिका का विलोपन
(2) गुणसूत्र गति
(3) सूत्रयुग्मन
(4) तर्कुरूपी तंतु

65. फुप्फुस धमनी के भीतर रुधिर दाब होता है :
(1) कैरोटिड के भीतर जितना होता है उससे अधिक होता है।
(2) फुप्फुस शिरा के भीतर जितना होता है उससे अधिक होता है।
(3) महाशिरा के भीतर जितना होता है उससे कम होता है।
(4) उतना ही जितना महाधमनी के भीतर होता है।

66. निम्नलिखित संरचनाओं में से कौन-सी संरचना पक्षी के पंख के समजात है :
(1) शलभ का पंख
(2) खरगोश का पश्च पाद
(3) ह्वेल का फ्लीपर
(4) शार्क की पृष्ठ पंख

67. पुष्पी पादपों में बिना निषेचन के बीज बनना निम्नलिखित में से कौन सी प्रक्रिया है ?
(1) मुकुलन
(2) कायिक संकरण
(3) असंगजनन
(4) बीजाणुकजनन

68. धूम्रपान करने के कारण प्रधानतः उत्पन्न होने वाले दीर्घकाली श्वसन-विकार का नाम बताइए :
(1) अस्थमा
(2) श्वसन आम्लरक्तता
(3) श्वसन क्षारमयता
(4) वातस्फीति

69. तर्कुरूपी तंतु लगते हैं :
(1) गुणसूत्र के काइनेटोकोर पर
(2) गुणसूत्र के सूत्रकेन्द्र पर
(3) गुणसूत्र के काइनेटोसोम पर
(4) गुणसूत्र के अंत्यांश पर

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

70. In context of Amniocentesis, which of the following statement is incorrect ?

(1) It is used for prenatal sex determination.

(2) It can be used for detection of Down syndrome.

(3) It can be used for detection of Cleft palate.

(4) It is usually done when a woman is between 14 - 16 weeks pregnant.

71. Stems modified into flat green organs performing the functions of leaves are known as

(1) Phyllodes

(2) Phylloclades

(3) Scales

(4) Cladodes

72. In a chloroplast the highest number of protons are found in :

(1) Lumen of thylakoids

(2) Inter membrane space

(3) Antennae complex

(4) Stroma

73. Nomenclature is governed by certain universal rules. Which one of the following is contrary to the rules of nomenclature ?

(1) The first word in a biological name represents the genus name, and the second is a specific epithet

(2) The names are written in Latin and are italicised

(3) When written by hand, the names are to be underlined

(4) Biological names can be written in any language

74. In meiosis crossing over is initiated at :

(1) Leptotene

(2) Zygotene

(3) Diplotene

(4) Pachytene

70. उल्बवेधन के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा गलत है ?

(1) इसे प्रसवपूर्व लिंग-निर्धारण के लिए प्रयुक्त किय है।

(2) इसे डाउन सिंड्रोम का पता लगाने के लिए प्रयुक्त जाता है।

(3) इसे खंडतालु (क्लेफ्ट पैलेट) का पता लगाने वे प्रयुक्त किया जाता है।

(4) यह आमतौर से तब किया जाता है जब स्त्री को 1 सप्ताह के बीच का गर्भ होता है।

71. पत्तियों का कार्य करने वाले, चपटे हरे अंग में रूपान्तरित क्या कहा जाता है ?

(1) पर्णाभ

(2) पर्णाभ वृन्त

(3) शल्क

(4) पर्णाभ पर्व

72. हरित लवक में प्रोटॉन की अधिकतम संख्या कहाँ पाये है ?

(1) थाइलेकोइड की अवकाशिका

(2) अन्तरा कला स्थान

(3) ऐन्टेना समुच्च

(4) पीठिका

73. नाम-पद्धति कुछ विशेष सार्वजनिक मान्य नियमों द्वारा नि होती है। निम्नलिखित में से कौन सा एक कथन नाम-पद्ध नियमों के विरुद्ध है ?

(1) जैविक नाम में पहला शब्द वंश नाम और दूस जाति संकेत पद को प्रदर्शित करता है

(2) नामों को लैटिन भाषा में और तिरछे अक्षरों में जाता है

(3) नाम को जब हाथ से लिखते हैं तो उसे रेखांकि जाता है

(4) जैविक नाम को किसी भी भाषा में लिखा जा स

74. अर्द्धसूत्री विभाजन में जीन विनिमय किस अवस्था में होता है ?

(1) तनुपट्ट

(2) युग्मपट्ट

(3) द्विपट्ट

(4) स्थूलपट्ट

75. Antivenom injection contains preformed antibodies while polio drops that are administered into the body contain :

(1) Harvested antibodies
(2) Gamma globulin
(3) Attenuated pathogens
(4) Activated pathogens

76. The taq polymerase enzyme is obtained from :

(1) *Thiobacillus ferroxidans*
(2) *Bacillus subtilis*
(3) *Pseudomonas putida*
(4) *Thermus aquaticus*

77. Which of the following most appropriately describes haemophilia ?

(1) X - linked recessive gene disorder
(2) Chromosomal disorder
(3) Dominant gene disorder
(4) Recessive gene disorder

78. The standard petal of a papilionaceous corolla is also called

(1) Pappus
(2) Vexillum
(3) Corona
(4) Carina

79. Which part of the tobacco plant is infected by *Meloidogyne incognita* ?

(1) Leaf
(2) Stem
(3) Root
(4) Flower

80. Which of the following statements is wrong for viroids ?

(1) They are smaller than viruses
(2) They cause infections
(3) Their RNA is of high molecular weight
(4) They lack a protein coat

75. प्रतिआविष टीकों में पूर्वनिर्मित प्रतिरक्षी होते हैं जबकि पोलियो की बूँदों में, जिन्हें मुँह द्वारा दिलाया जाता है, होते हैं :

(1) बनाए गए प्रतिरक्षी
(2) गामा ग्लोब्युलिन
(3) क्षीण कर दिए गए रोगजनक
(4) सक्रियित रोगजनक

76. टैक पॉलिमरेज एन्जाइम किससे प्राप्त किया जाता है ?

(1) *थियोबैसिलस फेरोक्सीडेन्स*
(2) *बैसिलस सबटिलिस*
(3) *स्यूडोमोनास प्यूटिडा*
(4) *थर्मस एक्वेटिकस*

77. निम्नलिखित में से कौन-सा हीमोफ़ीलिया का सबसे अधिक उपयुक्त वर्णन प्रस्तुत करता है ?

(1) X -सहलग्न अप्रभावी जीन का विकार
(2) गुणसूत्री विकार
(3) प्रभावी जीन का विकार
(4) अप्रभावी जीन का विकार

78. पैपिलिओनेसी वाले दलपुंज में मानक दल को अन्य किस नाम से जाना जाता है ?

(1) पैपस
(2) वैक्सीलम
(3) कोरोना
(4) कैरिना

79. तम्बाकू के पौधे का कौन सा भाग *मिलोइडोगाइन इन्कोग्निटा* द्वारा संक्रमित होता है ?

(1) पत्ती
(2) तना
(3) जड़
(4) पुष्प

80. निम्नलिखित में से कौन सा कथन वाइरॉयड के विषय में गलत है ?

(1) ये विषाणुओं से अपेक्षाकृत छोटे होते हैं
(2) ये संक्रमण करते हैं
(3) उनका आर.एन.ए. उच्च आण्विक भार वाला होता है
(4) उनमें प्रोटीन आवरण का अभाव होता है

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

81. Which of the following statements is not true for cancer cells in relation to mutations ?
(1) Mutations destroy telomerase inhibitor.
(2) Mutations inactivate the cell control.
(3) Mutations inhibit production of telomerase.
(4) Mutations in proto-oncogenes accelerate the cell cycle.

82. Which type of tissue correctly matches with its location ?

	Tissue	Location
(1)	Areolar tissue	Tendons
(2)	Transitional epithelium	Tip of nose
(3)	Cuboidal epithelium	Lining of stomach
(4)	Smooth muscle	Wall of intestine

83. Which of the following pairs of hormones are not antagonistic (having opposite effects) to each other ?
(1) Insulin - Glucagon
(2) Aldosterone - Atrial Natriuretic Factor
(3) Relaxin - Inhibin
(4) Parathormone - Calcitonin

84. Specialised epidermal cells surrounding the guard cells are called
(1) Subsidiary cells
(2) Bulliform cells
(3) Lenticels
(4) Complementary cells

85. Fertilization in humans is practically feasible only if :
(1) the ovum and sperms are transported simultaneously to ampullary - isthmic junction of the fallopian tube.
(2) the ovum and sperms are transported simultaneously to ampullary - isthmic junction of the cervix.
(3) the sperms are transported into cervix within 48 hrs of release of ovum in uterus.
(4) the sperms are transported into vagina just after the release of ovum in fallopian tube.

86. Which one of the following is the starter codon ?
(1) UGA
(2) UAA
(3) UAG
(4) AUG

81. उत्परिवर्तन के संबंध में कैंसर कोशिकाओं के लिए निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही **नहीं** है ?
(1) उत्परिवर्तन टीलोमरेज़ संदमक को नष्ट कर देते हैं।
(2) उत्परिवर्तन कोशिका-नियंत्रण को निष्क्रिय कर देते हैं।
(3) उत्परिवर्तन टीलोमरेज़ के उत्पादन को संदमित कर देते हैं।
(4) प्राक्कैंसरजीनों में उत्परिवर्तन कोशिका-चक्र को त्वरित कर देते हैं।

82. कौन-सा ऊतक अपनी स्थिति से सही-सही मैच करता है ?

	ऊतक	स्थिति
(1)	ऐरिओली ऊतक	कंडरा
(2)	परिवर्ती उपकला	नासिकाग्र
(3)	घनाकार उपकला	आमाशय आस्तर
(4)	चिकनी पेशी	आंत्र भित्ति

83. हॉर्मोनों के निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा युग्म एक-दूसरे का विरोधी (विपरीत प्रभाव वाला) **नहीं** है ?
(1) इंसुलिन - ग्लुकैगॉन
(2) ऐल्डोस्टेरॉन - एट्रियल नेट्रियूरेटिक कारक
(3) रिलैक्सिन - इन्हिबिन
(4) पैराथोर्मोन - कैल्सिटोनिन

84. द्वार कोशिकाओं को घेरने वाली विशिष्टीकृत बाह्यत्वचीय कोशिकाओं को क्या कहा जाता है ?
(1) सहायक कोशिकाएं
(2) आवर्ध त्वक्कोशिकाएं
(3) वातरन्ध्र
(4) पूरक कोशिकाएं

85. मानवों में निषेचन प्रक्रिया व्यावहारिकत: तभी संभव होगी जब :
(1) अंडाणु और शुक्राणुओं का स्थानांतरण फैलोपी नली के एंपुलरी - इस्थमिक संगम पर एक ही समय पर हो।
(2) अंडाणु और शुक्राणुओं का स्थानांतरण ग्रीवा के एंपुलरी इस्थमिक संगम पर एक ही समय पर होता हो।
(3) ग्रीवा के भीतर शुक्राणुओं का स्थानांतरण गर्भाशय में अंडाणु के निर्मुक्त होने के 48 घंटे के भीतर होता हो
(4) शुक्राणुओं का योनि के भीतर स्थानांतरण अंडाणु के फैलोपी नली में छोड़े जाने के ठीक बाद हो।

86. निम्नलिखित में से कौन सा एक प्रारम्भक प्रकूट है ?
(1) UGA
(2) UAA
(3) UAG
(4) AUG

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

87. A river with an inflow of domestic sewage rich in organic waste may result in

(1) Increased population of aquatic food web organisms.

(2) An increased production of fish due to biodegradable nutrients.

(3) Death of fish due to lack of oxygen.

(4) Drying of the river very soon due to algal bloom.

88. Following are the two statements regarding the origin of life

(a) The earliest organisms that appeared on the earth were non-green and presumably anaerobes.

(b) The first autotrophic organisms were the chemoautotrophs that never released oxygen.

Of the above statements which one of the following options is correct ?

(1) (b) is correct but (a) is false.

(2) Both (a) and (b) are correct.

(3) Both (a) and (b) are false.

(4) (a) is correct but (b) is false.

89. A system of rotating crops with legume or grass pasture to improve soil structure and fertility is called :

(1) Contour farming

(2) Strip farming

(3) Shifting agriculture

(4) Ley farming

90. Gause's principle of competitive exclusion states that :

(1) Competition for the same resources excludes species having different food preferences.

(2) No two species can occupy the same niche indefinitely for the same limiting resources.

(3) Larger organisms exclude smaller ones through competition.

(4) More abundant species will exclude the less abundant species through competition.

87. एक नदी में जब कार्बनिक अपशिष्ट से भरपूर घरेलूवाहित मल बहकर गिरता हो, तो उसका परिणाम क्या होगा ?

(1) जलीय भोजन की समष्टि में वृद्धि हो जाएगी।

(2) बायोडिग्रेडेबल पोषण के कारण मछली का उत्पादन बढ़ जाएगा।

(3) ऑक्सीजन की कमी के कारण मछलियाँ मर जाएंगी।

(4) शैवाल प्रस्फुटन के कारण नदी जल्दी ही सूख जाएगी।

88. जीवन की उत्पत्ति के संदर्भ में दो कथन दिए गए हैं

(a) पृथ्वी पर प्रकट होने वाले आरंभिकतम जीव हरे नहीं थे और संभवतया अवायवी थे।

(b) प्रथम प्रकट होने वाले स्वपोषी जीव रसोस्वपोषी थे जिन्होंने ऑक्सीजन का उत्सर्जन नहीं किया।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा निम्नलिखित कथन सही है ?

(1) (b) सही है लेकिन (a) गलत है।

(2) (a) और (b) दोनों ही सही हैं।

(3) (a) और (b) दोनों ही गलत हैं।

(4) (a) सही है लेकिन (b) गलत है।

89. मृदा संरचना और उर्वरकता में सुधार लाने के लिए फसलों को फलीदार पौधों (लेग्यूम) या घास चारागाह के साथ बदलकर लगाने को क्या कहा जाता है ?

(1) समोच्चरेखीय खेती

(2) पट्टीदार

(3) स्थानान्तरी कृषि

(4) ले खेती

90. स्पर्धी अपवर्जन का गॉसे नियम कहता है कि :

(1) समान संसाधनों के लिए स्पर्धा उस स्पीशीज़ को अपवर्जित कर देगी जो भिन्न प्रकार के भोजन पर भी जीवित रह सकती है।

(2) कोई भी दो स्पीशीज़ एक ही निकेत में असीमित अवधि के लिए नहीं रह सकती क्योंकि सीमाकारी संसाधन समान ही होते हैं।

(3) अपेक्षाकृत बड़े आकार के जीव स्पर्धा द्वारा छोटे जंतुओं को बाहर निकाल देते हैं

(4) अधिक संख्या में पाए जाने वाली स्पीशीज़ स्पर्धा कम संख्या में पाए जाने वाली स्पीशीज को अपवर्जित कर देगी।

91. Which of the following characteristic features always holds true for the corresponding group of animals ?

(1)	Viviparous	Mammalia
(2)	Possess a mouth with an upper and a lower jaw	Chordata
(3)	3 - chambered heart with one incompletely divided ventricle	Reptilia
(4)	Cartilaginous endoskeleton	Chondrichthyes

92. Changes in GnRH pulse frequency in females is controlled by circulating levels of :

(1) estrogen and inhibin
(2) progesterone only
(3) progesterone and inhibin
(4) estrogen and progesterone

93. Microtubules are the constituents of :

(1) Spindle fibres, Centrioles and Cilia
(2) Centrioles, Spindle fibres and Chromatin
(3) Centrosome, Nucleosome and Centrioles
(4) Cilia, Flagella and Peroxisomes

94. Mitochondria and chloroplast are :

(a) semi-autonomous organelles.
(b) formed by division of pre - existing organelles and they contain DNA but lack protein synthesizing machinery.

Which one of the following options is correct ?

(1) (b) is true but (a) is false.
(2) (a) is true but (b) is false.
(3) Both (a) and (b) are false.
(4) Both (a) and (b) are correct.

95. Photosensitive compound in human eye is made up of :

(1) Opsin and Retinal
(2) Opsin and Retinol
(3) Transducin and Retinene
(4) Guanosine and Retinol

96. Chrysophytes, Euglenoids, Dinoflagellates and Slime moulds are included in the kingdom :

(1) Protista
(2) Fungi
(3) Animalia
(4) Monera

91. निम्नलिखित में से कौन-से विशिष्ट लक्षण हमेशा ही जंतुओं के अनुरूपी वर्ग में पाए जाते हैं ?

(1)	सजीवप्रजक	मैमेलिया
(2)	ऊपरी और निचले जबड़े वाला मुख का पाया जाना	कार्डेटा
(3)	तीन कक्ष वाला हृदय जिसमें अपूर्णत: बंटा हुआ एक निलय होता है	रेप्टीलिया
(4)	उपास्थिल अंत:कंकाल	कौंड्रिक्थीज़

92. मादाओं में GnRH पल्स बारंबारता बदलाव का नियंत्रण किसके परिसंचरण-स्तरों द्वारा होता है ?

(1) ईस्ट्रोजन और इंहिबिन
(2) केवल प्रोजेस्टेरॉन
(3) प्रोजेस्टेरॉन और इंहिबिन
(4) ईस्ट्रोजन और प्रोजेस्टेरॉन

93. सूक्ष्मनलिकाएँ संघटक होती हैं

(1) तर्कुरूपी रेशों, तारककेन्द्रों और पक्ष्माभों के
(2) तारककेन्द्रों, तर्कुरूपी रेशों और क्रोमैटिन के
(3) तारककायों, न्यूक्लियोसोम और तारककेन्द्रों के
(4) पक्ष्माभों, कशाभों और परऑक्सीकायों के

94. माइटोकॉन्ड्रिया और क्लोरोप्लास्ट (हरितलवक) हैं :

(a) अर्धस्वायत्त अंगक हैं।
